**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**संपदा विभाग**

## बैंक के स्टाफ क्वार्टर, चार इमली, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462016 में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए अर्ध-स्थायी शेड का निर्माण

### निविदा आमंत्रण सूचना - (एनआईटी)

निविदाकार का नाम ______________________________________________

पता: ______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | : | 26 मई 2025 को सुबह 10:00 बजे तक |
| भाग-I और भाग-II (अर्थात तकनीकी और मूल्य बोली) खुलने की तिथि और समय | : | 26 मई 2025 को 11:30 बजे तक |

**अस्वीकरण**

भारतीय रिज़र्व बैंक, संपदा विभाग, भोपाल ने इच्छुक पार्टियों को परियोजना की पृष्ठभूमि की जानकारी देने के लिए यह दस्तावेज़ तैयार किया है। यद्यपि भारतीय रिज़र्व बैंक ने इसमें निहित जानकारी को तैयार करने में उचित सावधानी बरती है और इसे सही मानता है, तथापि न तो भारतीय रिज़र्व बैंक और न ही इसके कोई प्राधिकारी या एजेंसी और न ही उनके संबंधित कोई अधिकारी, कर्मचारी, एजेंट या सलाहकार इस दस्तावेज़ में निहित जानकारी की पूर्णता या सटीकता या इसके साथ प्रदान की जा सकने वाली किसी भी जानकारी के बारे में कोई वारंटी अथवा व्यक्त या निहित कोई व्यपदेशन देते हैं।

यह अभिप्रेत नहीं है कि जानकारी संपूर्ण है। इच्छुक पार्टियों अपनी स्वयं की पूछताछ करें और उत्तरदाताओं को लिखित रूप में पुष्टि करने की आवश्यकता होगी कि उन्होंने ऐसा कर लिया है और वे निविदा प्रस्तुत करने में केवल भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर निर्भर नहीं हैं। जानकारी इस आधार पर प्रदान की जाती है कि यह भारतीय रिज़र्व बैंक या उसके किसी प्राधिकरण या एजेंसियों या उनके किसी संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों, एजेंटों या सलाहकारों पर बाध्यकारी नहीं है। भारतीय रिज़र्व बैंक के पास परियोजना के साथ आगे बढ़ने या परियोजना के विन्यास को बदलने या इस दस्तावेज़ में परिलक्षित समय सारिणी को बदलने या लागू होने वाली प्रक्रिया या पद्धति को बदलने का अधिकार सुरक्षित है। यह रुचि व्यक्त करने वाले किसी भी पक्ष के साथ मामले पर आगे चर्चा करने से इनकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

रुचि व्यक्त करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को किसी भी प्रकार की लागत की कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

**भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल**
**संपदा विभाग**
**भाग I - निविदा आमंत्रण सूचना**
**(केवल ई-प्रोक्योरमेंट द्वारा)**
**निविदा की अनुसूची**

नोट: यह एक सीमित निविदा है। केवल वे बोलीदाता/विक्रेता जो श्रेणी *"General Civil, renovation, repair and interior works including supply and / or fixing of carpentry, plumbing and sanitary fittings/fixtures, false ceiling and other allied works"* के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल के साथ विक्रेता के रूप में सूचीबद्ध हैं, इस निविदा में भाग लेने के पात्र हैं। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा में भाग लेने से पूर्व अपनी पात्रता के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल से जानकारी प्राप्त कर लें।

| | |
|---|---|
| a. ई-निविदा सं. | **RBI/Bhopal Regional Office/Estate/2/ 25-26/ET/49** |
| b. निविदा की प्रणाली / | ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ के माध्यम से ऑनलाइन भाग I – तकनीकी बोली और भाग II - मूल्य बोली |
| c. डाउनलोड करने हेतु पार्टियों को एनआईटी उपलब्ध होने की तारीख | 25 अप्रैल, 2025 को 12:00 बजे से<br>15 मई, 2025 तक 18:00 बजे तक |
| d. बोली-पूर्व बैठक | 16 मई, 2025 को 11:30 बजे<br>पता - Estate Department, 5th Floor, Reserve Bank of India, Hoshangabad Road, Arera Hills, Bhopal |
| e. i) निष्पादन बैंक गारंटी<br><br>ii) अनुमानित लागत<br>ii) निविदा शुल्क | सफल बोलीदाता द्वारा लिखित रूप में बैंक द्वारा निविदा की स्वीकृति की तारीख से 14 दिनों के भीतर स्वीकृत अनुबंध मूल्य के 5% की निष्पादन बैंक गारंटी (प्रोफार्मा अनुलग्नक II के रूप में संलग्न के अनुसार) प्रस्तुत की जानी चाहिए।<br><br>₹10,76,440/- |
| f. वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर ऑनलाइन तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए ई निविदा-शुरू होने की तिथि | 17 मई 2025, प्रातः 11:00 बजे से |
| g. तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन ई-निविदा के बंद होने की तिथि | 26 मई 2025 को 10:00 बजे तक |
| h. भाग-I और भाग-II (अर्थात तकनीकी बोली-मूल्य बोली) खुलने की तिथि और समय | 26 मई 2025 को 11:30 बजे |
| i. Transaction Fee - | As intimated by MSTC to be paid through MSTC Payment Gateway/NEFT/RTGS in favour of MSTC Limited or as advised by M/s MSTC Ltd. |

**उपरोक्त सभी कागजात के साथ मुहरबद्ध सभी पृष्ठ विधिवत हस्ताक्षरित निविदा एमएसटीसी साइट पर अपलोड किया जाएगा और बैंक द्वारा इसके परीक्षण हेतु निविदा के भाग- I को खोलने के समय डाउनलोड किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक द्वारा आगे की निविदा प्रक्रिया हेतु दस्तावेजों की मूल प्रति मांगे जाने पर ठेकेदार इसे प्रस्तुत करेगा।**

## ई-प्रॉक्यूरमेंट हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि अपनी ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने से पहले निविदा संबंधी नियम एवं शर्तों को पढ़ लें।

**ई-निविदा की प्रक्रिया:**

**A) पंजीकरण:** इस प्रक्रिया में एमएसटीसी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर विक्रेता का पंजीकरण शामिल है जो निःशुल्क है। पंजीकरण के बाद ही, विक्रेता अपनी बोलियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। तकनीकी बोली के साथ-साथ वाणिज्यिक बोली प्रस्तुत करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक बोली इंटरनेट के माध्यम से की जाएगी। विक्रेता के पास श्रेणी-III हस्ताक्षर प्रकार का डिजिटल प्रमाणपत्र होना चाहिए। विक्रेताओं को बोली लगाने हेतु इंटरनेट से जुड़े पीसी की व्यवस्था करनी होगी। ऐसी व्यवस्था करने के लिए एमएसटीसी जिम्मेदार नहीं है। (डिजिटल हस्ताक्षर के बिना बोलियां रिकॉर्ड नहीं की जाएंगी)।

**विशेष नोट: तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली** https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ **पर ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी है।**

1) विक्रेताओं को एमएसटीसी वेबसाइट पर स्वयं को ऑनलाइन लिंक https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर पंजीकृत करना आवश्यक है|

2) विक्रेताओं को पंजीकरण फार्म भरने के दौरान दिए गए ईमेल पर उनके पंजीकरण की पुष्टि के संबंध में सिस्टम जनरेटेड मेल प्राप्त होगा।

किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, ई-निविदा के निर्धारित समय से पहले आरबीआई/एमएसटीसी से संपर्क करें :

**संपर्क व्यक्ति (आरबीआई):**

1. श्री साबू एंटनी, सहायक महाप्रबंधक (तकनीकी-सिविल) – 0755 – 2519570
2. श्री श्रीकांत शर्मा, प्रबंधक - 0755-2519598 (estatebhopal@rbi.org.in)

**संपर्क व्यक्ति (एमएसटीसी लिमिटेड):**

MSTC IVRS Helpdesk number: 07969066600

After system settings please download “Bidding Guide” for better understanding the bid-submission process

MSTC Bhopal Office numbers : 0755-2552241, 2593772, 2593775, 2593776 ;
Mr. Neeraj Mathur, Dy.Manager, Mob. 8871111473, Email: bplopn4@mstcindia.in, mstcbpl@mstcindia.in

**B) सिस्टम संबंधी आवश्यकताएँ:**

i. Windows 7 or above Operating System
ii. IE-7 and above Internet browser.
iii. Signing type digital signature
iv. Latest updated JRE 8 (x86 Offline) software to be downloaded and installed in the system.

To disable “Protected Mode” for DSC to appear in The signer box following settings may be applied.

- Tools => Internet Options =>Security => Disable protected Mode If enabled- i.e., Remove the tick from the tick box mentioning “Enable Protected Mode”.
- Other Settings:

Tools => Internet Options => General => Click on Settings under “browsing history/ Delete Browsing History” => Temporary Internet Files => Activate “Every time I Visit the Webpage”.

To enable ALL active X controls and disable 'use pop up blocker' under Tools Internet Options→ custom level (Please run IE settings from the page https://www.mstcecommerce.com once)

2. तकनीकी वाणिज्यिक बोली बोली और मूल्य बोली को https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा। निविदाएं निविदा में विनिर्दिष्ट तिथि और समय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खोली जाएंगी।
3. निविदा में सभी प्रविष्टियां बिना किसी त्रुटि के तकनीकी और वाणिज्यिक प्रारूपों में ऑन लाइन माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए।

**लेनदेन शुल्क हेतु विशेष नोट:**
विक्रेता, लॉगिन में "my menu" के अंतर्गत "लेन-देन शुल्क भुगतान" लिंक का उपयोग करके लेनदेन शुल्क का भुगतान करेगा। विक्रेताओं को इवेंट ड्रॉपडाउन बॉक्स से संबंधित निविदा का चयन करना होगा। विक्रेता के पास एनईएफटी या ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से भुगतान करने की सुविधा होगी। विक्रेता एनईएफटी का चयन करते हुए एक फॉर्म भरकर चालान जनरेट करेगा। विक्रेता चालान पर मुद्रित ब्यौरे के अनुसार इसमें कोई बदलाव किए बिना लेन-देन शुल्क की राशि जमा करेगा। ऑनलाइन भुगतान का चयन करने पर, विक्रेता को अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान करने का प्रावधान होगा। एक बार जब भुगतान एमएसटीसी के नामित बैंक खाते में जमा हो जाता है, तो लेनदेन शुल्क स्वतः स्वीकृत हो जाएगा और विक्रेता को एक सिस्टम जनरेटेड मेल प्राप्त होगा।
**लेनदेन शुल्क वापस न करने योग्य है।**
लेन-देन शुल्क का भुगतान किए बिना विक्रेता को ऑनलाइन ई-निविदा का एक्सेस नहीं प्राप्त होगा।

**नोट:**
बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है वे उक्त के समापन से पर्याप्त समय पहले लेनदेन शुल्क जमा कर दें ताकि बोली प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय प्राप्त हो सके।
4. अपलोड की गई निविदाओं/शुद्धिपत्र की जानकारी निविदा को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया के दौरान ईमेल द्वारा भेजी जाएगी। इसलिए विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उनकी कॉर्पोरेट ईमेल आई.डी. एमएसटीसी के साथ विक्रेता के पंजीकरण के समय वैध और अद्यतन किया गया हो। विक्रेताओं से भी अनुरोध है कि वे अपने डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) की वैधता सुनिश्चित करें।

5. एनआईटी में उल्लिखित नियत तारीख और समय के बाद ई-निविदा का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**6. ई-निविदा में बोली लगाना:**

a) सफल बोलीदाता को काम सौंपने के समय आवश्यक ईएमडी जमा करना होगा| विक्रेता (ओं) द्वारा अपेक्षित ईएमडी-NEFT/बैंक गारंटी/डीडी केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए। ई-निविदा में ऑनलाइन बोली लगाने हेतु निविदा शुल्क (यदि कोई हो) और लेनदेन शुल्क (यदि कोई हो) का भुगतान आवश्यक है। निविदा शुल्क और लेनदेन शुल्क वापसी न करने योग्य हैं। निविदा, जिसके साथ ईएमडी नहीं है, पर विचार नहीं किया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। असफल विक्रेता (विक्रेताओं) की ईएमडी निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी द्वारा वापस कर दी जाएगी।

b) इस प्रक्रिया में तकनीकी और वाणिज्यिक बोली प्रस्तुत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोली शामिल है।

c) केवल लेन-देन शुल्क जमा करने वाले विक्रेता एमएसटीसी वेबसाइट पर इंटरनेट के माध्यम से अपनी तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली प्रस्तुत कर सकते जिसकी लिंक इस प्रकार है https://www.mstcecommerce.com/eprocn/

d) विक्रेता को जावा एप्लिकेशन संचालन की अनुमति देनी चाहिए। यह प्रक्रिया बिड फ्लोर खुलने के तुरंत बाद करना है। फिर उन्हें कॉमन टर्म्स/कमर्शियल स्पेसिफिकेशन भरना होगा और उसे सेव करना होगा। इसके बाद टेक्निकल बिड पर क्लिक करें। यदि इस एप्लिकेशन को रन नहीं किया जाता है, तो विक्रेता अपनी तकनीकी बोली को सेव/सबमिट नहीं कर पाएगा।

e) तकनीकी बोली भरने के बाद, विक्रेता को अपनी तकनीकी बोली रिकॉर्ड करने के लिए 'सेव' पर क्लिक करना चाहिए। एक बार ऐसा करने के बाद, वाणिज्यिक बोली लिंक सक्रिय हो जाता है और उसे भरना होता है और फिर विक्रेता को अपनी वाणिज्यिक बोली दर्ज करने के लिए "सेव" पर क्लिक करना चाहिए। फिर एक बार तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली दोनों सेव कर लिए जाने के बाद, विक्रेता अपनी बोली दर्ज करने के लिए "फाइनल सबमिशन" बटन पर क्लिक कर सकता है।

f) विक्रेताओं को निर्देश दिया जाता है कि वे एक से अधिक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए अटैच डॉक बटन का उपयोग कर सकते हैं।

g) सभी मामलों में, विक्रेता को अपनी बोली जमा करते समय डिजिटल हस्ताक्षर के साथ अपनी आईडी और पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए।

h) पूरी ई-निविदा प्रक्रिया के दौरान, विक्रेता एक दूसरे और अन्य सभी के लिए पूरी तरह से गुमनाम रहेंगे।

i) ई-निविदा फ्लोर पूर्व-निर्धारित तिथि और समय से और ऊपर बताई गई अवधि तक खुली रहेगी।

j) ई-निविदा प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत सभी इलेक्ट्रॉनिक बोलियां विक्रेता पर कानूनी रूप से बाध्यकारी होंगी। विक्रेता द्वारा प्रस्तावित किसी भी बोली को वैध बोली के रूप में माना जाएगा और क्रेता द्वारा उसकी स्वीकृति, आपूर्ति के निष्पादन हेतु क्रेता और विक्रेता के बीच एक बाध्यकारी अनुबंध होगी।

k) यह अनिवार्य है कि सभी बोलियों को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए अन्यथा इसे सिस्टम द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

l) क्रेता के पास बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने या अस्वीकार करने या स्वीकार करने या वापस लेने या पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित है।

m) निविदा दस्तावेज के नियमों और शर्तों में कोई परिवर्तन स्वीकार्य नहीं है। किसी भी विक्रेता द्वारा ई-निविदा फ्लोर में बोली प्रस्तुत करना निविदा के नियम और शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करता है।

n) इस निविदा के परिणामस्वरूप कोई भी आदेश उसमें उल्लिखित नियमों और शर्तों द्वारा शासित होगा।

o) निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए इस ई-निविदा को रद्द कर सकता है या बोली (बोलियों) की प्राप्ति की नियत तारीख को बढ़ा सकता है।

p) विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे विक्रेता मार्गदर्शिका पढ़ें और बोली लगाने से पहले सिस्टम से परिचित होने के लिए https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर उपलब्ध वीडियो देखें।

q) तकनीकी और वाणिज्यिक नियमों और शर्तों में किसी भी विचलन की अनुमति नहीं है

7. उपरोक्त सभी पात्रता मानदंड संबंधी दस्तावेज़ (सभी पृष्ठ विधिवत हस्ताक्षरित और मुहरबद्ध) को एमएसटीसी साइट पर अपलोड किया जाएगा और इसे बैंक द्वारा परीक्षण हेतु निविदा के भाग-I को खोलने के समय डाउनलोड किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक द्वारा आगे की निविदा प्रक्रिया हेतु दस्तावेजों की मूल प्रति मांगे जाने पर ठेकेदार इसे प्रस्तुत करेगा।

8. बैंक निविदाओं की कीमत बोली का मूल्यांकन करने से पहले उक्त रिपोर्टों का मूल्यांकन करेगा। यदि किसी निविदाकार को किसी भी समय निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवश्यक पात्रता नहीं पाई जाती है, तो बैंक के पास निविदा के भाग-I को खोलने के बाद भी उसके प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बैंक ऐसा करने हेतु कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है।

9. बैंक न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय निदेशक<br>
भारतीय रिज़र्व बैंक<br>
भोपाल